


एक नजर में

## नजरपुर चौकी पर तीन गायों को बस ने मारी टक्कर



**घट्टिया।** उज्जैन आगर रोड पर नजरपुर चौकी के पास सोमवार रात 8.30 बजे बस क्रमांक एमपी 06 जेडजे 4777 के चालक ने बस को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए तीन गायों को अपनी चपेट में ले लिया जिससे गायों की मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणों ने बस चालक को रोककर पुलिस थाना घट्टिया पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बस को घट्टिया थाने में खड़ा करवाया।

## पुस्तक 35 इंस्पायरिंग स्टोरीज का विमोचन



**इंदौर.** पुस्तक 35 इंस्पायरिंग स्टोरिज ऑन ट्रांसफार्मिंग लाइव्स– द जॉय ऑफ वॉलंटियरिंग का विमोचन एक विशेष समारोह में किया गया, जिसमें करुणा, सेवा और सामाजिक परिवर्तन की वास्तविक जीवन की कहानियों का उत्सव मनाया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. जनक पाल्टा मैकगिलिगन तथा विशिष्ट अतिथि एनी पवार, डॉ. निहार गीते और डॉ. माया बोहरा उपस्थित रहे. विशेष अतिथि डॉ. नीहार गीते ने कहा, आज जब समाज में मानसिक–अस्थिरता, ड्रग्स, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अवसाद से जूझती स्थितियां बढ़ती जा रही हैं. इस तरह की पस्तकें, हेल्पिंग हैंड का काम करती हैं. डॉ. ललिता शर्मा के कामों से समाज में जो सकारात्मक उर्जा उत्पन्न हुई है वह अनुकरणीय है. लेखिका डॉ. ललिता शर्मा अनंत ने अपने 17 वर्षों से अधिक के जमीनी कार्य का उल्लेख किया, जहाँ प्रतिदिन सैकड़ों बच्चों का मार्गदर्शन किया जाता है. उन्होंने कहा कि यह पुस्तक आशा और सशक्तिकरण का एक सशक्त आंदोलन है. मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. जनक पाल्टा मैकगिलिगन ने सच्चे स्वयंसेवा के महत्व पर प्रकाश डाला, जिसमें व्यक्ति बिना किसी अपेक्षा के समाज की सेवा करता है. उन्होंने बताया कि अभाकुंज में सभी स्वयंसेवक नि:स्वार्थ सेवा करते हैं और अधिक से अधिक लोग वंचितों को शिक्षित करने के इस मिशन से जुड़ रहे हैं. कार्यक्रम का संचालन डॉ. तपति रॉय यादव ने किया.

## जीओ गीता की इंदौर शाखा का गठन





**इंदौर.** ग्लोबल इंस्पीरेशन एनलाइटनमेंट आर्गेनाइजेशन ऑफ़ भगवद गीता (जीओ गीता) के संस्थापक देश के प्रख्यात गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने अपने इंदौर प्रवास के दौरान इंदौर में भी जीओ गीता की शाखा स्थापित करने की घोषणा करते हुए लायंस सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े समाजसेवी कुलभूषण मित्तल कुक्की के मार्गदर्शन में सीए पंकज गुप्ता को इंदौर इकाई का संयोजक नियुक्त किया है. संगठन के अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री प्रदीप मित्तल ने रविवार को कनाड़िया रोड, मोर्या हिल्स स्थित कुसुम देवी छावछरिया सभागृह में आयोजित तीन दिवसीय दिव्य गीता सत्संग के समापन पर इस निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि प्रथम चरण में इंदौर में दो हजार लोगों को संगठन का सदस्य बनाया जाएगा. सत्संग के समापन प्रसंग पर आयोजन समिति की ओर से गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज का यजमान समूह की ओर से सम्मान भी किया गया। इस मौके पर महामंडलेश्वरजी ने स्वयं संगठन की इंदौर शाखा की स्थापना की घोषणा करते हुए कुलभूषण मित्तल कुक्की के मार्गदर्शन में इंदौर की गतिविधियों के लिए सीए पंकज गुप्ता को संयोजक नियुक्त करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इंदौर जैसी धर्म और अध्यात्म प्रेमी नगरी में गीता को जन–जन तक पहुँचाने की दिशा में सार्थक प्रयास होंगे. कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी पुरुषोत्तम अग्रवाल (अग्रवाल ग्रुप) ने जीओ गीता द्वारा गीता के प्रचार प्रसार के लिए प्रकाशित पुस्तिकाओं के हिंदी संस्करण के वितरण का संकल्प व्यक्त किया तो महामंत्री प्रदीप मित्तल ने आश्वस्त किया कि इंदौर के सदस्यों और गीता प्रेमियों के बीच वितरण के लिए हिंदी गीता की 50 हजार पुस्तिकाएँ भेजी जाएंगी।

## मप्र काबूली चना एसोसिएशन की वार्षिक सभा संपन्न




**इंदौर.** मध्य प्रदेश काबुली चना एसोसिएशन की वार्षिक सभा रविवार को मित्तल फार्म हाउस में संपन्न हुई. मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात के करीब 275 सदस्यों ने इसमें शिरकत की।कार्यक्रम का शुभारंभ अनाज तिलहन महासंघ के अध्यक्ष गोपाल दास अग्रवाल (मुख्य अतिथि), संस्था अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, सचिव नितेश गोधा, संरक्षक मुकेश कचोलिया और उपाध्यक्ष प्रकाश शास्त्री द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ. श्री अग्रवाल ने उद्बोधन में कहा, व्यापारी माल की गुणवत्ता पर जोर दें ताकि निर्यात बढ़े, विदेशी मुद्रा अर्जित हो और व्यापार व देशहित सधे. विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने फसल विश्लेषण पेश किया. अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष कबूली चना उत्पादन 6.75 लाख टन के लगभग रहेगा लेकिन चने की क्वालिटी बेहतर होगी. चालू वर्ष का क्लोज़िंग स्टॉक लगभग 75000 टन केरी फारवर्ड आएगा. मंडियों में नया काबुली चना भाव 8000 से 8500 रुपये प्रति क्विंटल तक आ सकते हैं. व्यापारियों को विवेकपूर्ण व्यापार करने की सलाह दी गई.

## सामाजिक संवाद सह सम्मान समारोह संपन्न



**इंदौर.** मां उमा भवानी फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा सामाजिक संवाद सह सम्मान समारोह एवं निशुल्क स्वास्थ्य सिविर का आयोजन किया गया. आयोजक समिति के विनायकराव कवडकर, मारोतीराव देशमुख, विश्वनाथ देशमुख, विजय पाटनकर, महादेव राव कडू, राजेश लोखंडे, भगवंत पंडाग्रे, अनिल गावंडे, निलेश देशमुख, बुधराव धोटे, संजय मकोड़े, समाजसेवी साहेबराव वागद्रे एवं सुनील सातव व हजारों महिला पुरुष समाजजन उपस्थित थे. इसमें मुख्य अतिथि योगेश देशमुख पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त भोपाल, रजी धोटे उप सचिव मप्र शासन भोपाल, विष्णु राने राष्ट्रीय अध्यक्ष क्ष.लो.कु. समाज संगठन भोपाल सम्मिलित हुए. समाजसेवी अनिल गावंडे द्वारा मंच संचालन किया गया.

## युवाचार्य महेन्द्र ऋषि का नगर प्रवेश आज

**इंदौर.** श्रमण संघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषि महाराज, हितमित भाषी हितेंद्र ऋषि महाराज ठाणा 4 एवं श्रमण संघीय उपप्रवर्तिनी दिव्यज्योति महाराज ठाणा 9 का इंदौर महानगर प्रवेश 10 फरवरी को प्रात: 8 बजे आईपीएस स्कूल राजेन्द्र नगर पर होगा. अचल चौधरी एवं रमेश भंडारी ने बताया कि युवाचार्य महाराज पनवेल महाराष्ट्र का ऐतिहासिक सफल चातुर्मास पूर्ण कर करीब 900 किलोमीटर की पदयात्रा करके इंदौर पधार रहे हैं. युवाचार्य महेन्द्र ऋषि का 11 फरवरी को प्रात: 9 बजे आईपीएस स्कूल में अभिनंदन समारोह, गुणवाद सभा, एवं प्रवचन होंगे.

# विज्ञान लोकतांत्रिक प्रणाली में विश्वास करता है : प्रो. पारे

▸ **माधव कॉलेज में 'ग्लोबल वूमन ब्रेकफास्ट–2026' पर सिंपोजियम आयोजित, धारणीय विकास पर ज़ोर**

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय में ग्लोबल वूमन ब्रेकफास्ट–2026 दिवस के अवसर पर एक विशेष संगोष्ठी (सिंपोजियम) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विज्ञान के लोकतांत्रिक स्वरूप और महिला वैज्ञानिकों की भूमिका पर गहन चर्चा हुई।

मुख्य वक्ता शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष और प्रख्यात रसायन शास्त्री प्रो. ब्रजेश पारे ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि, विज्ञान लोकतांत्रिक प्रणाली में विश्वास करता है। प्रयोगशाला में सब लोग अलग–अलग काम करते हैं, लेकिन सबका उद्देश्य समान होता है। आपसी संवाद और समन्वय से कार्य किया जाता है। विज्ञान इसलिए प्रगति कर रहा है क्योंकि इसमें विभिन्न आवाजों को महत्व दिया जाता है और सब लोग मानवता के कल्याण के लिए मिलकर काम करते हैं।

प्राचार्या प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने अध्यक्षीय उद्बोधन में ग्लोबल वूमन ब्रेकफास्ट की संकल्पना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसकी शुरुआत एक कॉफी हाउस में 7 महिला वैज्ञानिकों द्वारा की गई थी। उन्होंने कहा कि हमें इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और विज्ञान के संबंध में विश्व भर से जो आवाजें आ रही हैं, उन पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि समस्याओं का समाधान करने के लिए पुरुष और महिला वैज्ञानिकों को मिलकर कार्य करना चाहिए।

रसायन विज्ञान विषय की विदुषी डॉ. प्रेरणा मनाना ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विकास विनाश की




कीमत पर नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वूमन ब्रेकफास्ट धारणीय विकास (ैनेजंपदंइसम क्मअमसवचउमदज) के लक्ष्य को सामने रखकर कार्य कर रहा है और रसायन विज्ञान ने कोविड के दौर में तथा फसल की उपज बढ़ाने में महत्वपूर्ण सहायता की है।

सहायक प्राध्यापक डॉ. सरबजोत कौर ने कहा कि आज दुनिया भर के वैज्ञानिक इस बात के लिए जुड़े हैं कि विज्ञान का मानवता के लिए उपयोग कैसे करें। उन्होंने युवा महिला वैज्ञानिकों के प्रोत्साहन की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि एक अकेला दृष्टिकोण विश्व चुनौतियों का सामना नहीं कर सकता, इसलिए विविध आवाज़ों की बात हो रही है। उन्होंने प्रसिद्ध वैज्ञानिक मेरी क्यूरी के समर्पण का उदाहरण भी दिया।

कार्यक्रम का आयोजन माधव कॉलेज के विज्ञान संकाय एवं आंतरिक गुणवत्ता सेल द्वारा किया गया। संगोष्ठी का संयोजन प्रो. अजीता केलवा ने किया, संचालन डॉ. मनीष कुमार शर्मा ने किया और आभार प्रो. प्रमोद कुमार मालवीय ने व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी डॉ. बी एस अखण्ड, छात्र संघ प्रभारी डॉ. जफर महमूद, डॉ. दिनेश जोशी, प्रो. सादिक मंसूरी, प्रो. दिनेश कुमार वर्मा, प्रो. धीरज सारोठिया मौजूद थे।

# ऑल इंडिया मुशायरा संपन्न

**उज्जैन। साहित्यिक संस्था बज़्म हलक़ा–ए–फ़िक्र–ओ–फ़न की जानिब से जामा मस्जिद कम्युनिटी हॉल में आयोजित जश्न–ए–हिंदुस्तान ऑल इंडिया मुशायरा कामयाबी की एक नई तारीख़ लिख गया।**

11 शायरों की सीमित फेहरिस्त के बावजूद यह मुशायरा सैकड़ों श्रोताओं की मौजूदगी में पहले शायर से आखिरी शायर तक समान दाद, तालियों की गड़गड़ाहट और श्रोताओं के जोश के साथ अपने शबाब पर रहा। मुशायरे की निज़ामत जबलपुर से तशरीफ़ लाए मशहूर नाज़िम–ए–मुशायरा मन्नान फ़राज़ ने की। कार्यक्रम की शुरुआत आलमी शोहरतयाफ़्ता शायर डॉ. माजिद देवबंदी ने अपने मुतरन्निम लहजे में नात–ए–पाक के अशआर से की। यहीं से श्रोताओं को अहसास हो गया था कि यह मुशायरा यक़ीनन यादगार साबित होगा।नात–ए–पाक के बाद नाज़िम–ए–मुशायरा ने बज़्म के सरपरस्त–ए–आला सैय्यद आबिद अली मीर की नज़्र चार मिसरे पेश किए। इसके बाद ग़ज़ल के दौर का शानदार आग़ाज़ डॉ. ज़ाहिद नैय्यर (अमरावती, महाराष्ट्र) ने किया। रात लगभग 3 बजे तक मुशायरा पूरी रवानगी और जोश के साथ जारी रहा। मुशायरा–गाह में लगातार दाद–ओ–तहसीन की सदाएं गूंजती रहीं और श्रोताओं का उत्साह अंत तक बना रहा।संस्था के ज़िम्मेदारान शफ़ीक़ खान, अनीस सुलतान अहमद, इंजीनियर वक़ार खान, इरफ़ानुल्लाह खान, हाजी शाहिद बॉ, समीरुलहक़, शेरू हाजी, फैज़ जाफ़री, रईस खान, सरफ़राज़ हुसैन, विशाल मंसूरी, काशिफ़ अंसारी, अक़ील अहमद, उस्मान हुसैन, वासिफ़ अहमद अंसारी सहित बज़्म के सभी सदस्यों ने मुशायरे को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# राधा–कृष्ण के स्वरूपों संग खेली फूलों की होली, फाग उत्सव में थिरके श्रद्धालु

▸ **सैकड़ों वैष्णव जनों ने पुष्प वर्षा कर मनाया उत्सव, रोचक खेलों ने बढ़ाया उत्साह**

**उज्जैन।** श्री वल्लभ वैष्णव सेवा मंडल द्वारा एक निजी गार्डन में भव्य फाग उत्सव का आयोजन किया गया। मंडल के संस्थापक विट्ठल नागर एवं अध्यक्ष आनंद पुरोहित के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में भक्ति और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम संयोजक दीपक राजवानी एवं योगेश नीमा ने बताया कि उत्सव के दौरान मीना पुरोहित एवं सारिका नीमा ने राधा–कृष्ण का स्वरूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। सैकड़ो महिला–पुरुषों ने राधा–कृष्ण के इन स्वरूपों के संग होली के गीतों पर नृत्य किया और जमकर फूलों की होली (पुष्प वर्षा) खेली।

फाग उत्सव के अंत में गुलाल और रंगों से जुड़े विशेष गेम्स का आयोजन किया गया। इसमें गुलाल के रंग ढूंढो और पत्नी के गालों पर अलग–अलग टीका लगाओ प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। जिन प्रतिभागियों ने अपनी पत्नी के गालों और हाथों पर सबसे ज्यादा टीके लगाए, उन्हें पदाधिकारियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर रविंद्र मूले, सुदेश नीमा, पवन त्रिपाठी, विजय जोशी, प्रकाश गुप्ता, राजेंद्र शाह, सुभाष सोनी, अरुण मोणे, संगीता नागर, पारूल शाह, हर्षा शाह सहित बड़ी संख्या में वैष्णव जन उपस्थित थे।

# सिंधी समाज माधव नगर एवं आरएल बिरादरी का पारिवारिक मिलन समारोह संपन्न

**उज्जैन।** सिंधी समाज माधव नगर एवं आर.एल. (लाड़काना) बिरादरी द्वारा परमेश्वरी गार्डन में भव्य एवं शानदार नववर्ष पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। दिन भर चले इस आयोजन में समाज के लोगों ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12:00 बजे दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसका शुभारंभ अध्यक्ष रमेश गजरानी, संयोजक जवाहर जयसिंघानी, अशोक चावला, महासचिव महेश गंगवानी, सचिव राजकुमार परसवानी, संगठन सचिव दीपक बेलानी, कोषाध्यक्ष जवाहर सनमुखानी, तुलसीदास राजवानी, विजय भागचंदानी, पुरुषोत्तम रायसिंघानी, विशाल चंदनानी, सुरेश सनमुखानी, चतरु वसनानी, चिमन दास लखानी और वासुदेव खत्री ने



किया।

समारोह की शुरुआत महिलाओं, बच्चों और पुरुषों की चेयर रेस से हुई। इसके पश्चात बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता हुई जिसमें बाल कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। 'धुन पहचानो' संगीत कार्यक्रम ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। हाई टी के बाद कपल्स (दंपति) प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसे 45 वर्ष से अधिक और 45 वर्ष से कम आयु वर्ग में बांटा गया था। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। शाम 5:00 बजे हाउजी का शानदार आयोजन हुआ।

कार्यक्रम के दौरान सिंधी समाज के गौरव एवं वरिष्ठ समाजसेवी महेश परियानी का विशेष सम्मान किया गया। उन्हें मध्य प्रदेश शासन द्वारा सिंहस्थ सलाहकार समिति में सम्मिलित किए जाने पर समाजजनों ने शाल–श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सुनील खत्री, प्रताप रोहरा, रमेश सामदानी, श्रीकांत माखीजानी, राजू राजवानी, किशोर मुलानी, कमल शहलानी, गोपाल राचवानी, महेश कुकरेजा, महेश उत्तमानी, अशोक उत्तमानी, रामचंद्र झामनानी, श्याम लाल करमचंदानी और होत चंद सेठिया विशेष रूप से सम्मिलित हुए। समिति द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज का 22वां सामूहिक विवाह समारोह संपन्न

▸ **एक नवयुगल परिणय सूत्र में व छ: बटुकों का उपनयन संस्कार वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ**

**बड़नगर।** सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज एवं सामूहिक विवाह समिति के तत्वावधान में 10 फरवरी मंगलवार को 22 वां सामूहिक विवाह एवं उपनयन संस्कार स्थानीय शंकर बावड़ी परिसर डायवर्शन रोड पर आचार्य कैलाशनारायण शर्मा भेरूपचलाना व पंडित अखिलेश दवे मुखिया के आचार्यत्व में मुख्य यजमान सतीश पंडया सपत्नीक के सानिध्य में सम्पन्न हुआ।

समारोह में एक जोडा परिणय सूत्र में बंधा तथा छ: बटुकों का उपनयन संस्कार वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुआ। विवाह समारोह में मुख्यअतिथि अखिल भारतीय औदिच्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यनारायण पटेल तथा अध्यक्षता सवाईसिंह पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक जितेंद्रसिंह




पंड्या, संवरक्षक गोवर्धनसिंह पटेल, वासुदेव रावल, पूर्व अध्यक्ष मोतीलाल पटेल, समाज अध्यक्ष भैरुलाल पटेल, करणसिंह पंडया, मोहनलाल त्रिवेदी, रमेशचंद्र शर्मा, नवलसिंह पटेल, भैरुलाल पंड्या उपस्थित थे। प्रारंभ में सभी अतिथियों द्वारा ईष्टदेव भगवान गोविंद माधव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। अतिथियों का स्वागत ठा. अतुल पलवा, भूपेंद्रसिंह पंडया, डीपी भाईजी, संजय व्यास, गिरिराज रावल, सचिव मनीष पंड्या, रामेश्वर व्यास, शिक्षक सुभाष पंडया, अंतरसिंह पंडया सोहड़, मोहनलाल त्रिवेदी, मनोहरलाल शर्मा, प्रेमचंद्र द्वितीय, घनश्याम पाठक, जयप्रकाश त्रिवेदी, अंकित दवे ने किया। मुख्य अतिथि सत्यनारायण पटेल ने समाज जनों से अपील करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह एवं उपनयन संस्कार समारोह आज के समय की मांग है। क्योंकि व्यस्तता के चलते व्यक्ति अनेक समारोह की अपेक्षा एक जगह ही उपस्थित हो जाता है। आगे भी समाज सामूहिक आयोजन करता रहेगा। जिससे समाज में एकरूपता एवं धन की अपवयता में कमी आएगी। समारोह का स्वागत भाषण उपाध्यक्ष डीपी भाईजी ने दिया। संचालन बद्रीलाल आचार्य ने किया व आभार विवाह समिति सचिव प्रहलादसिंह पंड्या ने माना।



# एआई का विवेकपूर्ण उपयोग ही समाज को देगा सकारात्मक दिशा : डॉ. प्रशांत पुराणिक

**उज्जैन।** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भौतिकी एवं कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा सेफर इंटरनेट डे–2026 के अवसर पर स्मार्ट टेक, सेफ चॉइसेस–एक्सप्लोरिंग द सेफ एंड रिस्पॉन्सिबल यूज़ ऑफ ए.आई. विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया।

प्राचार्य डॉ. प्रशांत पुराणिक ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि एआई आज के युग की आवश्यकता है, किंतु इसका विवेकपूर्ण उपयोग ही समाज को सकारात्मक दिशा दे सकता है। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सुरक्षित, जिम्मेदार एवं नैतिक उपयोग के प्रति जागरूक करना था। मुख्य वक्ता एनआईसी उज्जैन की जिला सूचना अधिकारी (वैज्ञानिक ई) सुचिता श्रीवास्तव ने छात्राओं को एआई के सुरक्षित उपयोग, साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता तथा डिजिटल जिम्मेदारी जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। अतिरिक्त जिला सूचना अधिकारी (वैज्ञानिक 'सी') विवेक माहवार ने एआई के व्यावहारिक पक्षों और सामाजिक प्रभावों को समझाया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी डॉ. रश्मि भार्गव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम संयोजक डॉ. मंगलेश्वर ठाकरे के मार्गदर्शन में हुए आयोजन का संचालन डॉ. विक्रांत शाह ने किया। आयोजन में डॉ. रेखा शाहपुरकर, दीपक नामदेव, सईद पटेल, विकास प्रजापति, रमेश पटेल एवं विवेक दुबे ने सक्रिय भूमिका निभाई। अंत में आभार डॉ. मंगलेश्वर ठाकरे ने माना।



# मां नर्मदा परिक्रमा पूर्ण कर बंशीलाल राठौर का किया भव्य अभिनंदन स्वागत

**उज्जैन।** बंशीलाल राठौर पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत उज्जैन और मानसिंह मीणा द्वारा मां नर्मदा नदी की 4000 किलोमीटर की परिक्रमा (पदयात्रा) 108 दिन में पूर्ण कर अपने गांव मुंजाखेड़ी आने पर रमेश चंद्र सूर्यवंशी दताना पूर्व प्रधानाध्यापक एक परिसर एक शाला शा.मा.वि. मुंजाखेड़ी, संजय वर्मा जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, धर्मेन्द्र बागेला एडवोकेट पूर्व कार्यकारिणी सदस्य अभिभाषक मंडल संघ उज्जैन, विवेक वर्मा, आर्यन बागेला आदि ने साफा बांध कर व पुष्प माला पहनाकर आत्मिय भव्य स्वागत सम्मान कर बहुत बहुत बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं देकर प्रार्थना की कि मां नर्मदा का आशीर्वाद आप पर सदा बना रहे, इस अवसर पर डॉ अशोक राठौर, राजाराम कुमावत, अशोक परमार, अजय परमार, अनिल राठौर, कैलाश जी, आदि उपस्थित थे। बंशीलाल राठौर ने अपनी यात्रा का अनुभव बताते हुए कहा कि मां नर्मदा की परिक्रमा त्याग तपस्या और आत्म शुद्धि की सर्वोच्च यात्रा है जो अंहकार को नष्ट कर, हर कंकर शंकर के भाव के साथ शिवत्व से जोड़ती है, इस परिक्रमा को करने से आत्म ज्ञान और परमात्मा से साक्षात्कार का अवसर मिलता है, सहनशीलता बढ़कर धैर्य विकसित होता है, यह यात्रा जीवंत भारतीय संस्कृति, नर्मदा के तटों, जंगलों और पहाड़ों के दर्शन कराती है, यह अपने आप में जीवन को सुधारने व सात्विक जीवन की ओर प्रेरित करने वाली अनूठी यात्रा है।

**एक नजर** ▸ **पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में बजट पर परिचर्चा**

# अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों ने बजट 2026 की बारीकियों पर की चर्चा

**उज्जैन। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में बजट 2026: विकसित भारत की ओर एक कदम विषय पर विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभाग के विद्यार्थियों ने न केवल बजट निर्माण की प्रक्रिया को समझाया, बल्कि बजट के आय–व्यय के गणित और विभिन्न प्रावधानों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने बजट 2026 को विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने और धारणीय विकास की दिशा में एक सफल प्रयास बताया। उन्होंने इस बात पर विशेष हर्ष व्यक्त किया कि भावी अर्थशास्त्रियों (विद्यार्थियों) ने स्वयं इस परिचर्चा का आयोजन किया



और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### विशेषज्ञों ने समझाये प्रावधान

अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. संगीता दुबे ने विद्यार्थियों को बजट के तकनीकी प्रावधानों से अवगत कराया। डॉ. दिनेश जोशी ने बजट में स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र के लिए किए गए विशेष प्रावधानों को रेखांकित किया। वहीं, डॉ. ममता पवार ने बजट 2026 में हुए नवीन बदलावों की जानकारी दी और प्रो. कंचन ससाने ने राजकोषीय नीति एवं बजट प्रावधानों पर अपने विचार रखे।

### विद्यार्थियों ने दी प्रभावी प्रस्तुति

परिचर्चा में एम.ए. अंतिम वर्ष के विद्यार्थी भूमिका शर्मा, टीना भावसार, राजेश्वरी डांगी, विकास पाटीदार और मधुसूदन परमार ने सक्रिय भागीदारी की। भूमिका शर्मा और विकास पाटीदार ने बजट के जटिल आंकड़ों और प्रावधानों को बेहद सरल और सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन एम.ए. अंतिम वर्ष के छात्र विकास पाटीदार ने किया और आभार राजेश्वरी डांगी ने माना।